प्रेस नोट

दिनांक 14.06.2024

श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार ईद उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक सम्पन्न ।

आज दिनांक 14.06.2024 को श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी त्यौहार ईद उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों एवं धर्मगुरुओं व सभ्रान्त व्यक्तियों के साथ जिला कलेक्ट्रेट परिसर हमीरपुर में बैठक की गयी।

बैठक में ईद उल-अजहा (बकरीद) जनपद के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए आगामी त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने, किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने व आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा कुर्बानी के लिए स्थान का चिह्नांकन पहले से हो, इसके अतिरिक्त विवादित/संवेदनशील स्थलों पर कुर्बानी न हो, कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट के निस्तारण की उचित व्यवस्थित कार्य योजना के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई तथा आसपास के लोगों को जागरूक करें कि इंटरनेट मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या कुर्बानी से संबंधित वीडियो बनाकर गलत तरीके से पोस्ट न करें। ऐसा करने वालों की पहचान करके वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान धार्मिक गुरुओं, संभ्रांत नागरिकों से संवाद के दौरान त्यौहार में आने वाली समस्याओं एवं पूर्व के विवादों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। क्षेत्र के धर्मगुरुओं/मौलवी व सभ्रान्त व्यक्तियों से आग्रह किया गया कि यदि कोई अराजकतत्व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न होने से प्रभावित करता है तो उस व्यक्ति या अराजकतत्व के बारे सूचना पुलिस को दें ताकि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के साथ-साथ उस व्यक्ति या अराजकतत्व के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा सके। नमाज के समय ईदगाह एवं मस्जिदों के आस पास सफाई व सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस व प्रशासन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गयें। सभी को शासन द्वारा त्यौहार के सम्बन्ध में निर्गत गाइड लाइन एवं निर्देशों के सम्बन्ध में भली भांति अवगत कराया गया तथा त्यौहार पर शान्ति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। हमीरपुर पुलिस व प्रशासन शान्तिपूर्ण त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर समस्त अपर जिलाधिकारी,अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जनपद हमीरपुर व सम्बन्धित अधिकारी/कर्म0गण मौजूद रहें।

HAMIRPUR